जुल्म और जालिम से लड़ना मेरी फितरत रही है : अफजाल अंसारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को प्रत्येक विधान सभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करने के पश्चात समाजवादी पार्टी के लोकसभा क्षेत्र गाजीपुर के प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी जी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए नारी पचदेवरा, सबुआ, बसन्तपट्टी, करंडा, मेदनीपुर, गोशन्देपुर, सीतापट्टी और धरम्मरपुर आदि दर्जनों गांवों में भ्रमण एवं जनसम्पर्क किया और इन स्थानों पर आयोजित जनसभाओं में लोगों से समर्थन एवं सहयोग की अपील करते हुए भाजपा सरकार द्वारा अपने और अपने परिवार के ऊपर हुए जुल्म और ज्यादती के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। विरोधियों के साथ इस सरकार का सलूक ठीक नही हैं। वह अपने दमन और उत्पीड़न से विरोधियों को कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमें चुनाव लड़ने से रोकना चाहती थी लेकिन

न्यायपालिका ने उनके नापाक मंसूबों को ध्वस्त कर दिया और अदालत के निर्णय के चलते आज मैं पुनः आपकी अदालत में आया हूं। सरकार जितना चाहे जुल्म ज्यादती कर ले , मरना कुबूल है लेकिन झुकना गंवारा नही। जुल्म और जालिम से लड़ना हमारे खुन में हैं।मिट जाऊंगा लेकिन मैं अपने उसूलों से कभी समझौता नही कर सकता, गरीब की दुवा मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि आपके दिये गये हिम्मत और हौंसले के बल पर फिर चुनाव के मैदान में हूं।जीवन के अंतिम क्षणों तक इनके खिलाफ लड़ता रहूंगा हार नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए चुनौती है। हम सबके समक्ष लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती है।यदि हम उनके झूठ,फरेब और साजिश से नहीं बचे तो यह लोकतंत्र का अंतिम चुनाव होगा ।उन्होंने भाजपा सत्ता के नशे में चूर होकर इस बार चार सौ के पार का नारा दे रही है जबकि सच्चाई यह है कि कई प्रान्तों में उसका खाता नहीं खुलेगा । उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को मूर्त रुप लेते देख भाजपा नेताओ की नींद उड़ चुकी है।वह हताश और निराश होकर इस तरह के नारे दे रहे हैं।

उन्होंने ईडी सीबीआई और इलेक्ट्रानिक मीडिया को भाजपा का कवच बताते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी भाजपा को नही बचा पायेगी । इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, विधायक जै किशन साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुरज राम बागी, बलिराम पटेल, फेंकू यादव, अजय यादव, जगत मोहन बिंद, आत्मा यादव, संतोष यादव, विभा पाल, कमलेश बिंद, अवधेश यादव, राधेश्याम यादव, रामाशीष यादव, सुग्गु यादव, विजय शंकर यादव, बलिराम यादव, शिशु यादव, आदित्य यादव, सुभाष यादव, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन सभाओं की अध्यक्षता सदर विधान सभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद और संचालन जिला सचिव रमेश यादव ने किया।

एनएएम ने डाक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप, सीएमओ को सौंपा पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर सदर क्षेत्र के अंधऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र के एनएएम ने अस्पताल में तैनात डाक्टर पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वशिष्ठ सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि हस्ताक्षर करने को लेकर स्वास्थ्य केद्र पर तैनात डाक्टर ललिता शर्मा द्वारा जहाँ अभद्रता की गई वही अपने पति डाक्टर शैलेन्द्र मौर्या को सैदपुर सीएचसी से बुलाकर मेरे साथ मारपीट की गई वही उनके साथ आये लोगों द्वारा कार्य में बाधा डालते हुए स्वास्थ्य केद्र को भी क्षति पहुंचाया गया है। सीएमओ से गुहार लगा की दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होने पर जहाँ पिडित के साथ न्याय होगा वही सरकारी सम्पति को क्षति पहुंचाने का दुस्साहस करने कोई व्यक्ति नहीं करेगा। पत्रक सौपने वालों में। वशिष्ठ सिंह कुशवाहा धर्मेन्द्र कुशवाहा प्रशांत कुमार श्रीवास्तव मुकेश यादव राजीव शर्मा खुशबू रानी चद्रभान सिंह महेश रावत महेश कुमार रावत रीता देवी रमेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

संस्कार गीत प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

बलिया। युवा लोकगीत गायक शैलेंद्र मिश्र के निर्देशन में विगत तीन दिनों से चल रहे हैं संस्कार गीत प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन हो गया। कार्यशाला में 20 लड़के लड़कियों ने प्रतिभाग किया जिन्हें अलग-अलग संस्कारों पर गाए जाने वाले गीतों का प्रशिक्षण दिया गया। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क संस्कार गीत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । संकल्प के सचिव आशीष त्रिवेदी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी कला और संस्कृति से परिचय कराना है। इस मुहिम को बल दिया युवा गायक शैलेन्द्र मिश्र ने। शैलेन्द्र मिश्र एक कुशल लोक गीत गायक होने के साथ प्रशिक्षक भी हैं। इनका उद्देश्य है कि अलग अलग क्षेत्रों में इस तरह के कार्यशाला का आयोजन कर नयी पीढ़ी को भोजपुरी गीतों की परम्परा से परिचित कराना। कार्यशाला में प्रशिक्षित सभी कलाकार 16,17 मार्च को संकल्प संस्था द्वारा आयोजित होने वाले लोकरंग उत्सव में प्रतिभाग करेंगे।

नोनहरा पुलिस ने किया लूट की घटना का पदार्फाश तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्वेक्षण में दिनांक 02 मार्च 24 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/24 धारा 392 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त गण ओमप्रकाश उर्फ बक्सी पुत्र स्व0 रामनाथ बिन्द निवासी गोडा देहाती थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र- 27 वर्ष, विष्णु कश्यप उर्फ सूर्या पुत्र शिवशंकर कश्यप निवासी काशीराम कालोनी थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर आदर्श गाँव हाल पता लाल दरवाजा विनोद सिंह का मकान थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, सूरज डोंम पुत्र शिव डोम निवासी ग्राम बयेपुर देवकली थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर हालपता माल गोदाम रोड़ थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र- 20 वर्ष को मुखबीर खास की सूचना पर थानाध्यक्ष नोनहरा श्री

कमलेश कुमार मय हमराह द्वारा बौरी पुल से गुरुवार को सायं6.45 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के पास से 02 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 अदद मिस फायर शुदा कारतूस .315 बोर व 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल व मुकदमा उपरोक्त मे लूटी गयी रकम 01 लाख 06 हजार रूपया बरामद हुआ। अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछंताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग लूट व छिनैती के लिए कई दिनों से रेकी कर रहे थे किन्तु सफल नहीं हो पा रहे थे दिनांक 02 मार्च 24 को हम लोगो द्नारा सही रेकी करके ग्राम खोजापुर में लूट की घटना को अंजाम दिये हम लोगो द्वारा और भी कई चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नोनहरा मय पुलिस टीम जनपद गाजीपुर तथा स्वाट/सर्विलांस प्रभारी मय टीम जनपद गाजीपुर के लोग शामिल रहे।

रोवर/रेंजर समागम समारोह का आयोजन क्षेत्र के बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर प्रांगण में प्रारंभ

प्रखर जलालपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 32 वें दो दिवसीय विश्वविद्यालयीय रोवर /रेंजर समागम समारोह का आयोजन क्षेत्र के बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर प्रांगण में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि- डॉ दीनानाथ सिंह, (पूर्व अध्यक्ष), राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उ.प्र.; अध्यक्ष-श्री ओम प्रकाश सिंह, सदस्य, प्रबंध समिति, बयालसी महाविद्यालय ; विशिष्ट अतिथि-डॉ. राहुल सिंह (अध्यक्ष), शिक्षक संघ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय; प्रो. अजय कुमार दूबे, जिला कमिश्नर रोवर/रेंजर; श्री पीएन सिंह, सदस्य, प्रबंध समिति, बयालसी महाविद्यालय; श्री विजय बहादुर सिंह, सदस्य , प्रबंध समिति, बयालसी महाविद्यालय, डॉ अलकेश्वरी सिंह, प्राचार्य, बयालसी महाविद्यालय; श्री अनिल कुमार, कार्यक्रम आयोजन सचिव एवं डॉ प्रतिभा सिंह आयोजन सह-सचिव के द्वारा बयालसी महाविद्यालय के संस्थापक डॉ समर बहादुर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात

अतिथियों एवं कार्यक्रम आयोजकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया गया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा बयालसी महाविद्यालय को 32 वें विश्वविद्यालयीय रोवर/ रेंजर समागम 2024 के आयोजन का गुरुतर दायित्व मिला, यह महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। बयालसी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्कार्फ, बैज, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अन्य अतिथियों का भी सम्मान किया गया। उक्त सम्मान के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा के विभिन्न आयामों पर अपना विशिष्ट योगदान देने के लिए प्रोफेसर वंदना दूबे, प्रोफेसर रीता सिंह, प्रोफेसर श्रद्धा सिंह, प्रोफेसर सुषमा सिंह, डॉ गीता सिंह, डॉ माया सिंह, डॉ शुभ्रा सिंह को महाविद्यालय परिवार की ओर से इंद्रासन देवी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रोवर्स/रेंजर्स ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित आगंतुकों को सलामी दी। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों के द्वारा पोस्टर, निबंध, क्विज, इकोरेस्टोरेशन, रोल प्ले, कलर पार्टी, सैंडी स्टोरी, लघु नाटक, कैंफायर, वर्दी, मार्च पास्ट ,स्किल ओरामा आदि प्रतियोगिताएं प्रस्तुत की गयी। उक्त कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों के रूप में डॉ करमचंद यादव, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ पीके सिंह, डॉ सारिका सिंह, डॉओम प्रकाश सिंह, डॉ अरुण सिंह, सुश्री रविंदर कौर सोखी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं आचार्य, स्थानीय गणमान्य लोग एवं बयालसी महाविद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षकगण एवं एन एस एस के छात्र आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय नारायण सिंह, सह आचार्य एवं आभार प्रदर्शन डॉ बृजेश कुमार सिंह, सह आचार्य, बयालसी महाविद्यालय द्वारा किया गया।

जमीन के विवाद में हुआ हमला, सोनु का अस्पताल में चल रहा इलाज

प्रखर बलिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के दौरान युवक घायल हो गया। पीड़ित ने चार नामजद सहित पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना कोतवाली क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी करीमुल्लाह खान ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि थाना कोतवाली क्षेत्र के बहेरी निवासी सोहराब पुत्र स्व. शहजाद व उनके पट्टीदारों द्वारा अपने मकान पीछे स्थित भूमि को जरिए बैनामा हासिल किया है। इसी रंजिश के चलते विगत 6 मार्च को रात नौ बजे के करीब मेरे ही गांव के रेयाजुद्दीन उर्फ राजू,शेख अजीमुल्लाह,सेरा जुद्दीन,इमरान के साथ ही चार- पांच अज्ञात लोग मेरे मकान के पीछे स्थित जमीन पर आ गए। उस समय मेरा पुत्र सोनू खाना खाकर टहल रहा था। अचानक उपरोक्त लोगों ने गाली देते हुए लाठी डंडे से हमला

घायल सोनू खाँ

पिता करीमुल्लाह खाँ

कर दिया। जिससे युवक सोनू बुरी तरह से घायल हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने घायल युवक को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

वेलफेयर क्लब ने किया महिला दिवस का आयोजन, मंच पर हुआ दिग्गजों का जमावड़ा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब के तत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बैजनाथ इण्टर कालेज रौजा के सभाकक्ष में किया गया । समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरिता अग्रवाल अध्यक्षा नगर पालिका परिषद गाजीपुर, डा0 बीती सिंह मां कवलपति हॉस्पिटल एवम मैटरनिटी सेंटर, डा0 पूजा श्रीवास्तव प्रधानाचार्या बैजनाथ इण्टर कालेज ने माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रीमती अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा महिलाएं हर क्षेत्र में आंधी तूफान की तरह आगे बढ़ रही हैं, महिलाएं कुछ भी ठान ली तो कोई रोक नहीं सकता है आज हम पायलट बन रहे हैं शिक्षिका बना रहे हैं चांद पर जा रहे हैं यहां तक की चंद्रयान-3 में महिलाओं की बहुत बड़ी साझेदारी रही है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान में शेर पढ़

कर सुनाई ना रोक सकेगा तुझको कोई गर तू हिम्मत कर लेगी, हर मंजिल मिल जाएगी जब तू निडर होकर चल देगी। विशिष्ट अतिथि डा0 बीती सिंह ने कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण का होना बहुत जरूरी है जिसके लिए शारीरिक मानसिक तथा आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ानी होगी जब तक स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर नही देंगी तब तक सशक्त नही बन पाएंगी। भाजपा मीडिया प्रभारी शशि कांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में महिलाएं पुरुषों से 10 कदम आगे चल रही है। केन्द्र में पहली बार मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहला काम महिलाओं के सम्मान में पूरे देश भर में इज्जत घर के नाम से शौचालय बनवाकर सम्मान दिया गया। महिलाओं को स्वतंत्रता का अधिकार, आवास का अधिकार, राशन का अधिकार देकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम चलाकर नारी सम्मान बढ़ाया है। साथ ही लोक सभा विधान सभा में 33% सीट महिलाओ के लिए आरक्षित कर आगे आकर समाज के भलाई करने के लिए उन्हें मजबूती दी है । कार्यक्रम में क्लब महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती रिंकू यादव, उपाध्यक्ष सुषमा यादव तथा सचिव शहाना जहां ने स्कूल की प्रबंधक श्रीमती आशा मिश्रा को अंगवस्त्र देकर तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जबकि राज्य सभा सांसद डा0 संगीता बलवंत के प्रतिनिधि कुशाग्र तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह के प्रतिनिधि वेंकटेश जी को जनपद गवर्नर पवन पांडेय, पीआरओ सूर्य रेख मणि तथा संयुक्त सचिव राम नाथ कुशवाहा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सेंट जांस स्कूल की माया नायर तथा स्वाती ने एक से एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित महिलाओं तथा अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संजीव श्रीवास्तव ने किया जबकि आगंतुकों को धन्यवाद क्लब अध्यक्ष डा0 शरद कुमार वर्मा ने किया। स्कूल की छात्राए खुशी, अन्नू, श्रेयांशी, कायनात, इशरत आदि ने उपस्थित महिलाओं को मतदान अवश्य करने तथा कराने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं सहित क्लब उपाध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी, परीक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, डा० जितेन्द्र कुमार, अजय यादव, प्रमोद बिन्द आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

होटल कर्मचारी का पंखे की कुंडी से लगे फंदे से लटका मिला शव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के भूतहीयाटाड़ स्थित एक होटल कर्मचारी का कमरे में फंदे से लटकते शव के मिलने की जानकारी पर मौके पर पहुँचीं पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिलीं जानकारी के अनुसार जयहिन्द रावत भूतहीयाटाड़ स्थित एक होटल में काम करता था। शुक्रवार की सुबह वह काम पर न आने के बाद मालिक द्वारा कईं बार फोन करने के बाद भी नहीं उठा। मालिक द्वारा रुम पर पहुँच कईं आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिलने पर इस बात की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँचीं पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया जहां युवक का शव पंखे की कुडी पर झूलता मिला। शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बेटे की शादी का निमंत्रण भेजने पर प्रधानमंत्री का बधाई संदेश प्राप्त हुआ

नगरा बलिया। कस्बे के एक परिवार में बुधवार को उस समय खुशियां छा गई, जब बेटे की शादी का निमंत्रण भेजने पर प्रधानमंत्री का बधाई संदेश प्राप्त हुआ। बधाई संदेश भेजने के लिए परिजनो ने पीएम का आभार जताया है। नगरा कस्बे के वार्ड संख्या दस निवासी कारोबारी कमला प्रसाद जायसवाल के पुत्र जय प्रकाश जायसवाल की शादी 17 फरवरी को थी। कारोबारी ने अपने सगे संबंधियों के साथ प्रधानमन्त्री को भी निमंत्रण पत्र भेजे थे। कारोबारी का पुत्र भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक के पद पर आरूढ़ है।

गुमटी का ताला चटकाकर चोरी

दुबहर, बलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट गुमटी का ताला चटका। नित्या की भांति गोपीचंद राम पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ राम अपनी गुमटी का ताला बंद कर रात्रि में 9:00 बजे घर गया। सुबह पड़ोस के दुकानदार ने बताया कि तुम्हारे दुकान का ताला टूटा हुआ है। यह बात सुनकर उसके होश उड़ गए। तत्काल उसने आकर अपनी गुमटी को देखा तो उसमें रखा खैनी, चॉकलेट, बिस्किट कुछ नगदी लगभग 3200 की सामग्री चोरों ने चुरा लिया। घटना गत रात्रि 6 -7 मार्च की है। इस घटना की लिखित जानकारी गोपीचंद राम ने स्थानीय थानाध्यक्ष को दे दी है।

रविन्द्र गोंड को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला मंत्री बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर

दुल्लहपुर गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के निर्देश के क्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंचदेव गोंड द्वारा ग्राम मटुकपुर के मूल निवासी और भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष रविंद्र गोड़ को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला मंत्री बनाए जाने पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं में खुशी लहर है। क्षेत्रीय पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने जिला मंत्री पद पर निर्वाचित रविंदर गोंड को उनके आवास पर पहुंचकर सबसे पहले उनका मुंह मीठा कराया तत्पश्चात अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। और नए दायित्व के कुशल निर्वहन हेतु ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। गौरतलब है कि रविन्द्र गोंड भारतीय जनता पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ और जुझारू तेवर के कार्यकताओं में से एक हैं।जो अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि पदों के दायित्वों का वर्षों से कुशल निर्वहन कर चुके हैं। स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी धर्म और जाति के लोगों का यथा उचित सम्मान किया जाता है।शीर्ष नेतृत्व का नारा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को चरितार्थ करते हुए रविंदर गोड़ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को जिला का मंत्री बनाया गया है।रविंद्र गोंड जी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।देशहित में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।जो पूर्व में असंभव थे।जनजाति समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्य किए गए हैं तथा समय-समय पर उनके जीवन स्तर को बढ़ाने हेतु अनेक योजनाएं भी संचालित की गई है। आगामी लोकसभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है।समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियां है। रविंद्र गोंड जी उसको दूर करने का प्रयास करते हुए अपने समाज के लोगों को संगठित करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के सपनों को साकार करेंगे।हम सभी को आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि रविन्द्र गोंड़ शीर्ष नेतृत्व के उम्मीद पर खरा उतरेंगे। तथा अपने समाज के लोगों से कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला मंत्री राजेश सोनकर,मंडल महामंत्री डॉ विजय तिवारी,उपाध्यक्ष मनोज चौहान, मंत्री मनजीत मद्धेशिया,दीपक चौरसिया चंद्रजीत राम,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरवन सिंह,दुर्ग विजय शर्मा,संजीव चौरसिया, अशोक यादव,अतुल मिश्रा,रमन मिश्रा,राहुल तिवारी,राजेश शर्मा, पंकज शर्मा,बबलू यादव,बाके प्रजापति,इम्तियाज अहमद,टुन्नू गोड़,बबलू गोंड आदि लोग उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। गाजीपुर क्षेत्र के जलालाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित शिव मंदिर के पास अमारी मरदह मार्ग पर शुक्रवार को दोपहर सड़क पार कर रहे मासूम की बाइक के धक्के से दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक भी सड़क पर गिर पड़े। पास मौजूद युवकों की भीड़ दोनों को मारने के लिए दौड़ी लेकिन वहीं शिव मंदिर पर ड्यूटी में मौजूद दो पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़कर दुल्लहपुर थाना पर भेज दिया। अन्यथा ग्रामीणों की पिटाई से बचना मुश्किल था। मासूम का शव भी पुलिस ने थाना पर भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही स्वजन सहित गांव के लोग भी थाना पहुंच गए।मालूम हो कि जलालाबाद निवासी शिवा 7 वर्ष पुत्र विनोद पासवान का घर सड़क किनारे है। महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिर पर मेला लगा था। मासूम शिवा घर के पास ही सड़क पार कर रहा था। इस दौरान मरदह की तरफ से दवा लेकर लौट रहे व्यक्ति की बाइक से टक्कर लग गया। सर के पास लगी गंभीर चोट से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मालूम हो कि विनोद पासवान घर पर ही रहकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं । उनका एक मात्र पुत्र शिवा था। लेकिन महाशिवरात्रि पर्व के दिन ही सड़क दुर्घटना में उनके घर का चिराग ही बुझ गया। घटना के बाद मासूम की मां अराधना का रो-रोकर बुरा हाल था। बाइक सवार में एक युवक का घर आजमगढ़ जनपद के रौनापार जबकि दूसरे का मऊ जनपद के दोहरीघाट है। मां रो-रोकर दोनों को पुत्र की मौत पर कोसते हुए कारवाई की मांग कर रही थी। पिता विनोद पासवान ने बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी। एसओ राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना पर ग्राम प्रधान हरिशंकर चौहान तथा पूर्व प्रधान संतोष गुप्ता के अलावा काफी संख्या में ग्रामीणों के भीड़ थी।